<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक – 04.11.2025 (संध्या–1900 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने झारखंड सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विधेयक, 2025 को दी मंजूरी, विधेयक से राज्य में औद्योगिक विकास और निवेश को मिलेगा प्रोत्साहन।
- घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर झामुमो और भाजपा ने प्रचार अभियान किया तेज, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने जनसभाओं में अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में की अपील।
- रांची में आयोजित राज्य स्तरीय रबी कर्मशाला के दौरान किसानों के जीवन में सुधार का लक्ष्य किया गया तय, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अधिकारियों को व्यक्तिगत प्रयास करने के दिए निर्देश।
- केंद्र सरकार ने नवंबर में राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान 4.0 किया शुरू, अभियान के तहत 6 और 7 नवंबर को गुमला और डाल्टनगंज के शिविरों का होगा निरीक्षण।
- गिरिडीह में सांसद खेल महोत्सव का हुआ उद्घाटन, आयोजन का उद्देश्य युवाओं को खेल और फिटनेस के लिए राष्ट्रीय मंच देने का है अवसर।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने झारखण्ड विधानसभा द्वारा पारित "झारखण्ड सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (विशेष छूट) विधेयक, 2025" को मंजूरी दे दी। इस विधेयक का उद्देश्य राज्य में औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन और निवेश को बढ़ावा देना है। इसके तहत नए उद्योगों की स्थापना और संचालन के लिए कई अनुमतियों तथा निरीक्षणों से छूट मिलेगी। साथ ही 'सिंगल विंडो सिस्टम' के माध्यम से सभी लाइसेंस और अनुमतियाँ एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होंगी।

****

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन के समर्थन में झामुमो की स्टार प्रचारक और विधायक कल्पना सोरेन ने गलुडीह अंचलिक मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित किया। सभा में भारी जनसमूह उमड़ा, जिसमें महिलाओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। अपने संबोधन में कल्पना सोरेन ने जनता से रामदास सोरेन का सपना पूरा करने और सोमेश सोरेन को विजयी बनाने की अपील की।

****

इधर भाजपा द्वारा घाटशिला में आयोजित पंचायत स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि कमल का फूल विकास, विश्वास और महिलाओं के सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने मोदी सरकार की योजनाओं को महिलाओं के जीवन में बदलाव लाने वाला बताया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को सम्मान और आत्मनिर्भरता मिली है।

वहीं हटिया विधायक नवीन जयसवाल ने राज्य सरकार पर "मइया सम्मान योजना" में बाहरी महिलाओं के नाम जोड़ने का आरोप लगाया। कार्यक्रम में भाजपा नेताओं ने उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान की अपील की।

****

रांची में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और झारखंड में 'मतदाता बचाओ, लोकतंत्र बचाओ' अभियान शुरू करने जा रही है।

वहीं, विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि कांग्रेस की मजबूती ही देश की एकता, धर्मनिरपेक्षता और संविधान की अखंडता की गारंटी है।

****

राजधानी रांची स्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय रबी कर्मशाला में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अधिकारियों को राज्य के 200 किसानों के जीवन में बदलाव लाने का लक्ष्य दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के व्यक्तिगत प्रयास से किसानों के जीवन में आए बदलाव की सूची तैयार की जाएगी।

कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों ने बदलते मौसम के अनुसार फसल प्रबंधन और रबी फसल के हुए नुकसान की भरपाई पर सुझाव दिए।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा 22 सितंबर को शुरू किए गए जी.एस.टी. उत्सव के अंतर्गत लागू की गई संशोधित दरों से देशभर के कई क्षेत्रों में लोगों को लाभ हो रहा है। आज हम बात करते हैं कि कैसे अगली पीढी के जी एस टी सुधारों से केरल की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है।

****

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय के पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग द्वारा 1 से 30 नवंबर तक राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र (डीएलसी) अभियान 4.0 आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक के माध्यम से दो करोड़ पेंशनभोगियों तक पहुंचना है, ताकि वे घर बैठे आसानी से जीवन प्रमाणपत्र जमा कर सकें।

****

हजारीबाग पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रेलर से 101 किलो डोडा बरामद किया। चालक को गिरफ्तार किया गया है। मामले की जांच जारी है।

****

कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा सुजानी देवघर को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

****

गिरिडीह के इनडोर स्टेडियम में आज कोडरमा सांसद खेल महोत्सव का उद्घाटन विधायक नागेंद्र महतो, जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दिनेश यादव ने संयुक्त रूप से किया।

********समाप्त*********